# हमारी अखंडता महत्वपूर्ण है

हमारी Regal Rexnord की व्यावसायिक आचार और नैतिकता संहिता

# तुम खास हो

Regal Rexnord में कार्य करने वाला हर व्यक्ति हमारी ख्याति, हमारी संस्कृति, और हमारी व्यावसायिक सफलता को प्रभावित करता है। आप कार्य के समय कैसे व्यवहार करते हैं और निर्णय लेते हैं, उसका असर विश्व द्वारा हमें देखे जाने के तरीके पर पड़ सकता है।

## हमारी सत्यनिष्ठा [ईमानदारी] का महत्त्व है

हम सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिबद्ध कंपनी के रूप में मान्यता पाना चाहते हैं।

हम सभी चाहते हैं कि हमारा कार्य और कार्यस्थल हमारी संस्कृति को दर्शाए: सत्यनिष्ठा वह चीज है, जिसे हम सर्वाधिक महत्त्व देते हैं। हम ईमानदार और भरोसे लायक हैं।

## संहिता हमारी मार्गदर्शक है

हममें से कोई भी अपने कार्य में कानूनी और/या नैतिक चिंताओं का सामना कर सकता है। कई बार सही उत्तर अंतःप्रेरणा से प्राप्त नहीं होते या स्पष्ट नहीं होते।

हमारी व्यावसायिक आचार और नैतिकता संहिता मार्गदर्शक की भूमिका निभाती है। यह महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में मुख्य अपेक्षाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। यह संदेश देती है कि Regal Rexnord के साथ कार्य करने के दौरान क्या अपेक्षित है।

# लुई (LOUIS) से संदेश




Regal Rexnord में, हम अपने व्यवहारों, कार्यों और निर्णयों को अति आवश्यक होने के बोध के साथ सत्यनिष्ठा के मूल्यों; उत्तरदायित्व; विविधता, संबद्धता और समावेशन; ग्राहक की सफलता; उद्देश्यपूर्ण नवप्रवर्तन; निरंतर सुधार; कार्यप्रदर्शन; और जीतने की धुन के इर्दगिर्द केन्द्रित करते हैं। हम इसे कहते हैं, "हमसे क्या उम्मीद की जाती है।" Regal Rexnord की व्यावसायिक आचार संहिता और नैतिकता इन मूल्यों को दिशानिर्देशों और उदाहरणों के साथ सशक्त करती है। जब हम अपनी संहिता को समझते हैं और उसका अनुसरण करते हैं, तब हम अपनी शक्तिशाली संस्कृति को कायम रखने में सहायता देते हैं, और हमारी दीर्घकालीन सफलता को सुनिश्चित करते हैं।

हमारी संहिता Regal Rexnord में सब पर लागू होती है। हम सबको एक समान मानदंड पर रखा गया है, और जो आचार संहिता का अनुसरण नहीं करते उन्हें पहचानना औऱ उनके बारे में बेझिझक बोलना हममें से प्रत्येक का दायित्व है। किसी कंपनी की संस्कृति का निर्माण पूरे संगठन द्वारा कई वर्षों के दौरान दिन-प्रति-दिन किया जाता है और केवल एक सहयोगी की अनुचित या गैर-कानूनी गतिविधियां हमारी प्रतिष्ठा और हम सबको नुकसान पहुँचा सकती हैं।

Regal Rexnord ऐसी संस्कृति कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें सहयोगी सही मायने में यह विश्वास करते हैं कि सवाल पूछना और चिंताओं की रिपोर्टिंग करना करने लायक सही कार्य है। हम विश्व स्तर पर, यह चाहते हैं कि हर व्यक्ति को इस तथ्य पर गर्व हो कि हम ऐसे संगठन से सम्बंधित हैं, जो हमारे व्यवसाय के हर पहलू में सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिबद्ध है।

कृपया इस संहिता का पुनरावलोकन करें औऱ इससे परिचित हों; यह हमारे मार्गदर्शक की भूमिका निभाती है और हर समय सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए हमारा आह्वान करती है।



लुई पिंकहैम (Louis Pinkham)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# विषय-सूची

**प्रस्तावना**

क्या संहिता मुझ पर लागू होती है? ..... 4
मूल अवधारणाएँ ..... 5

**जब हम कार्य करते हैं तब हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) महत्त्वपूर्ण होती है**

सुरक्षित कार्यस्थल ..... 9
विविधता, संबद्धता और समावेशन ..... 10
पारस्परिक सम्मान और उत्पीड़न-मुक्त वातावरण ..... 11

**हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) उस समय महत्त्वपूर्ण होती है जब हम अपने उत्पादों को बनाते, बेचते, और वितरित करते हैं**

उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता ..... 13
आपूर्तिकर्ता संबंध ..... 14
निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा ..... 15
भ्रष्टाचार से लड़ना ..... 16
पुरस्कार और मनोरंजन ..... 17
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण ..... 18
काले धन को सफेद बनाने और धोखाधड़ी से संघर्ष ..... 19

**हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) उस समय महत्त्वपूर्ण होती है जब हम कंपनी को प्रभावित करने वाले निर्णय लेते हैं**

हमारी परिसंपत्तियों की सुरक्षा करना ..... 21
गोपनीय सूचना ..... 22
व्यक्तिगत डाटा गोपनीयता ..... 23
बौद्धिक सम्पदा सम्बंधी अधिकार ..... 24
इनसाइडर ट्रेडिंग और स्टॉक टिपिंग ..... 25
हितों के टकराव से बचना ..... 26
राजनीतिक योगदान/चंदे ..... 27

**जब हम कंपनी के बारे में जानकारी प्रस्तुत करते हैं तब हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) महत्त्वपूर्ण होती है**

कंपनी के बही खाते और रिकॉर्ड्स ..... 29
दस्तावेज और रिकॉर्ड्स का प्रबंधन ..... 30
विनियमनकर्ताओं और मीडिया के साथ संवाद/सूचना संप्रेषण ..... 30
सोशल मीडिया ..... 31

**जब हम अपने समुदायों की देखभाल करते हैं तब हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) महत्त्वपूर्ण होती है**

पर्यावरणगत स्थिरता ..... 33
सामाजिक उत्तरदायित्व ..... 34

**बंदी**

सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) को प्रतिदिन महत्त्वपूर्ण बनाना ..... 35
सत्यनिष्ठा लाइन फोन नंबर्स ..... 36

# क्या संहिता मुझ पर लागू होती है?

Regal Rexnord की संहिता हम सब पर समान रूप से लागू होती है — विश्व स्तर पर हमारे हर स्थान और हमारे सभी पारस्परिक संबंधों में।

यह हमारे कर्मचारियों, निदेशकों और अधिकारियों पर लागू होती है। संहिता का अनुसरण करना नौकरी/रोज़गार की शर्त है। इस संहिता के सिद्धांत हमारे आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, एजेंट्स, और व्यावसायिक भागीदारों पर भी लागू होते हैं।

Regal Rexnord संहिता को हमारे नेतृत्व और संस्कृति, आकलनों और लेखा परीक्षाओं, जाँचों, प्रशिक्षणों, और अतिरिक्त नीतियों के माध्यम से समर्थन देता है और सशक्त करता है। हम जिस ढंग से कार्य और व्यवसाय करते हैं उसमें निरंतर सुधार करते हैं।



## मुझे संहिता का प्रयोग किस तरह करना चाहिए?

यह संहिता मुख्य क्षेत्रों में हमारी अपेक्षाओं को समझने का उपयोगी संसाधन है। इसका सर्वश्रेष्ठ उपयोग करने के लिए:

- संहिता को पढ़ें और सुनिश्चित हो लें कि आप अपेक्षाओं को समझते हैं।
- आपके कार्य पर लागू होने वाली Regal Rexnord की नीतियों और कानूनी अपेक्षाओं से परिचित हों।
- जब कभी आपके पास कोई प्रश्न हो या आप सही उत्तर के बारे में अनिश्चित हों तब संहिता को पढ़ें।

# क्या आप **प्रबंधक** हैं अथवा कोई **नेतृत्वकर्ता?**

**आप पर इस संहिता के संबंध में कुछ अतिरिक्त दायित्व हैं।**

- सुनिश्चित करें कि आपके टीम सदस्य संहिता के बारे में जानते हैं, जिसमें यह शामिल है कि इसे कहाँ पाएँ, और इसका प्रयोग कैसे करें।
- इस अपेक्षा को कायम करें कि आपकी टीम को संहिता के दिशानिर्देशों के अनुसार, हर समय सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) के साथ कार्य करना चाहिए।
- अपनी टीम के सदस्यों को उस स्थिति में प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करें, यदि वे इस बारे में सुनिश्चित न हों कि क्या अपेक्षित है।
- जब आवश्यक हो तो कंपनी के अन्य संसाधनों को शामिल कर अपनी टीम के सदस्यों को उनके लिए आवश्यक उत्तर प्राप्त करने में सहायता दें।
- यह सुनिश्चित करने में सहायता दें कि आपकी टीम के सदस्य सभी अनुपालन प्रशिक्षण पूरा करें।

आपके लिए इस संहिता को सहयोग देने का एक सबसे अच्छा तरीका इस बात को सुनिश्चित करना है कि कर्मचारी यह जानते हों कि यदि उनका कोई प्रश्न है या यदि वे दुराचरण के बारे में जानते हैं, तो उन्हें खुल कर बोलना चाहिए। आपके कार्य उन्हें संहिता का अनुसरण करने का महत्त्व समझने में मदद देंगे।

- अपनी टीम के सदस्यों के साथ नैतिक प्रश्नों पर विचार-विमर्श करने और उनका समाधान करने का अवसर तलाशें।
- संहिता उल्लंघन की किसी भी रिपोर्ट को विधिक विभाग के पास लाएँ।
- गुमनाम ढंग से रिपोर्ट करने वाले रिपोर्टर की पहचान निर्धारित करने का प्रयास न करें।
- याद रखें, और अपनी टीम को याद दिलाएँ कि रिपोर्ट्स को व्यक्तिगत स्तर पर नहीं लेना चाहिए, और आपको उन्हें अपने अधिकार के प्रति चुनौती के रूप में नहीं देखना चाहिए।

## यदि कोई स्थानीय कानून संहिता में दी गई बात से भिन्न हो तो क्या करना चाहिए?

ऐसे विरले मौकों पर, जिनमें संहिता का अनुसरण करने से स्थानीय कानून का उल्लंघन होता हो, आपको कानून का पालन करना चाहिए और विधिक विभाग को इस टकराव की सूचना देनी चाहिए।

यदि स्थानीय प्रथाओं या किसी अन्य कंपनी की नीति का इस संहिता से टकराव हो, तो आपको अवश्य ही इस संहिता का अनुसरण करना चाहिए। यदि आपका कोई प्रश्न हो, तो विधिक विभाग से संपर्क करें।

## यदि मैं संहिता का उल्लंघन करूँ तो क्या उसका कोई परिणाम होगा?

जो लोग इस संहिता का अनुसरण नहीं करते उन्हें अनुशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है जिसमें सेवा से बर्खास्तगी शामिल है। कुछ मामलों में, संहिता का उल्लंघन, कानून का भी उल्लंघन होते हैं और जिसका परिणाम आर्थिक दंड और कारावास जैसे आपराधिक कार्यों के लिए दिए जाने वाले दंड हो सकते हैं।

कृपया जानें: Regal Rexnord में किसी भी व्यक्ति को, भले ही वह किसी पद पर हो, आपको कानून या इस संहिता का उल्लंघन करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

# सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) पारदर्शिता की अपेक्षा करती है

**Regal Rexnord के पास विशिष्ट संस्कृति है जो पारदर्शिता और स्पष्टवादिता के मूल विचारों के आधार पर निर्मित है।**

**अन्य चीजों में, यह शामिल है, कि पारदर्शिता का अर्थ उस समय स्पष्टता बरतना है जब कोई चीज़ गलत हो।**

**यदि आपको लगता है कि, संभवतः कोई इस संहिता, Regal Rexnord की नीतियों या कानून का उल्लंघन कर रहा है तो खुल कर बोलें और किसी को इस बारे में बताएँ।**

**सभी रिपोर्ट्स:**

### गोपनीय रहेंगी

यदि आप गुमनाम ढंग से रिपोर्ट नहीं करते हैं, तो भी आपकी पहचान को सुरक्षित रखा जाएगा और उसे केवल रिपोर्ट के बारे में उचित ढंग से कार्रवाई करने की आवश्यकता होने पर प्रकट किया जाएगा।

### पूरी तरह और निष्पक्ष ढंग से जाँची जाएगी

हरेक रिपोर्ट पूरी तरह और निष्पक्ष ढंग से जाँची जाएगी। यदि हम निर्धारित करते हैं कि दुराचरण किया गया है, तो हम उत्तरदायी लोगों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई कर सकते हैं।

हम आपको हमेशा किसी मामले का परिणाम अथवा यह नहीं बता सकते कि क्या किसी को अनुशासित किया गया है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि कार्रवाई नहीं की गई है।

### बदले की कार्रवाई से सुरक्षित

किसी चिंता के बारे में खुल कर बोलने के लिए साहस चाहिए। यदि आप कोई रिपोर्ट अच्छी नीयत से करते हैं — अर्थात् यदि आप विश्वास करते हैं कि रिपोर्ट सही है और आप रिपोर्ट किसी अन्य को नुकसान पहुँचाने के लिए नहीं कर रहे हैं तो — Regal Rexnord बदले की कार्रवाई से आपकी रक्षा करेगा।

निस्संदेह, झूठी रिपोर्ट सहन नहीं की जाएगी। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो जानबूझ कर गलत जानकारी के आधार पर दुराचरण या संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करता है या दावा करता है, वह अनुशासनिक कार्रवाई का सामना करेगा।

Regal Rexnord में कोई भी आपकी अच्छी नीयत से की गई रिपोर्ट के आधार पर आपके खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं कर सकता, और आपके कैरियर को नुकसान नहीं पहुँचेगा। यदि कोई बदले की भावना से कदम उठाता है, तो हम उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे, जिसमें बर्खास्तगी तक और बर्खास्तगी भी शामिल है।

# क्या कोई प्रश्न या चिंता है? सही विकल्प के बारे में निश्चित नहीं हैं?

## यहाँ उनके बारे में बताया गया है जिनसे आप बात कर सकते हैं।

- आपका प्रबंधक
- अन्य कंपनी नेतृत्वकर्ता
- मानव संसाधन
- विधिक विभाग
- नैतिकता और अनुपालन कार्यालय
- Regal Rexnord सत्यनिष्ठा लाइन

आप हमारे मुख्यालयों: 200 State St., Beloit, WI 53511 USA पर हमारे निदेशक मंडल (Board of Directors) की लेखा समिति (Audit Committee) को पत्र भी भेज सकते हैं।

### संपर्क:

608.364.8800 (Beloit कार्यालय)
फैक्स: 608.364.8817

integrity@regalrexnord.com

विधिक विभाग
Regal Rexnord Corporation
200 State St.
Beloit, WI 53511 USA

### सत्यनिष्ठा लाइन (Integrity Line):

इस संहिता के अंत में दिए देश-विशिष्ट निर्देशों के अनुसार डायल करें या नीचे दिए वेब पता पर ऑनलाइन पोस्ट किए गए नंबरों का प्रयोग करें: **https://bit.ly/2HpKerW**

आपके डायल करने के बाद, आप भाषा का चुनाव करेंगे। कृपया लाइन पर बने रहें, आपका संपर्क दुभाषिए से कराए जाने के लिए आपको प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

### वेब पोर्टल:

तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता द्वारा संचालित इस बाहरी वेबसाइट का एक फॉर्म (प्रपत्र) है जिसे आपके द्वारा चुनी गई भाषा में भरना और जमा करना पड़ता है।

**www.regalrexnordintegrity.com**

**यदि आप चाहते हैं, तो आप सत्यनिष्ठा लाइन पर गुमनाम तरीके से रिपोर्ट कर सकते हैं, सिवाय उस स्थिति के, जब ऐसा करना कानून द्वारा व्यक्त रूप से निषेधित हो।**

---

**जब आप सत्यनिष्ठा लाइन को कॉल करते हैं, तब हमारे तृतीय पक्ष प्रदाता का कर्मचारी, Convercent, न कि Regal Rexnord का कर्मचारी, आपकी रिपोर्ट प्राप्त करता है।**

**यदि आप वेब पर जुड़ते हैं तो आप Convercent द्वारा दिए गए इनटेक (प्राप्ति) फॉर्म को भरेंगे।**

---

**दोनों तरीकों में, जानकारी समीक्षा और जाँच के संभावित कदमों पर विचार के लिए गुमनाम तरीके से Convercent से विधिक विभाग के एक टीम सदस्य के पास जाती है।**

**रिपोर्ट करते समय कृपया स्पष्ट ब्योरे दें ताकि आपकी चिंता की जाँच उचित ढंग से की जा सके।**




# जब हम कार्य करते हैं तब हमारी सत्यनिष्ठा महत्त्वपूर्ण होती है।

## सुरक्षित कार्यस्थल

हम जब कार्य करने के लिए आते हैं, तब हम सब स्वयं को सुरक्षित अनुभव करने की इच्छा रखते हैं और अपने कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने का उत्तरदायित्व हम सब पर है। इसका अर्थ इसे सुनिश्चित करना है कि हमारे स्वयं के कार्य सुरक्षित हैं और साथ ही अपने आस-पास की स्थितियों और आचरण का निरीक्षण करना भी है।

अपनी गतिविधियों को करते समय अपनी और अन्य लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में विचार करें। हम अपनी नीतियों और सुरक्षा नियमों के अनुसरण के लिए आप पर निर्भर करते हैं। अल्कोहल और अन्य नशीली दवाओं का सेवन कभी न करें, वे आपके कार्य में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम निजी सुरक्षा देने वाले उपकरण का प्रयोग करते हैं और संयंत्र-सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हैं।
- हम इसे समझते हैं कि अपने औजारों और उपकरण का सुरक्षित एवं उचित ढंग से प्रयोग कैसे करें।
- आग लगने या अन्य आपात स्थितियों में हम उचित कार्यविधियों का अनुसरण करते हैं।
- हम असुरक्षित व्यवहारों और स्थितियों पर निगाह रखते हैं और उसे रिपोर्ट करते हैं एवं हमें सुरक्षा सम्बंधी किसी समस्या का समाधान करने के लिए कार्य को रोकने का अधिकार है।
- हम मशीनों और उपकरण को प्रचालित करते समय संयत और सतर्क रहते हैं।
- हम व्यावसायिक (कार्य) घंटों के दौरान, जिनमें दोपहर के भोजन और अवकाश का समय शामिल है, अल्कोहल या नशीली दवाओं को न तो अपने पास रखते हैं, न ही उनका प्रयोग करते हैं।
- हम हिंसा, साथ ही शारीरिक अथवा भावनात्मक रूप से भयभीत करने को वर्जित मानते हैं।
- हम यौन उत्पीड़न सहन नहीं करते हैं।
- हम कंपनी के सुविधा-केंद्रों (फैसिलिटीज़) या कंपनी वाहनों के अंदर तम्बाकू उत्पादों का प्रयोग नहीं करते हैं।
- हम कार्यस्थल पर हथियार नहीं लाते हैं।
- हम कभी दूसरों पर हमला नहीं करते या दूसरों को नुकसान नहीं पहुँचाते हैं अथवा हिंसा की धमकी नहीं देते हैं, और ऐसे किसी भी व्यवहार की रिपोर्ट तत्काल करते हैं जो हिंसक, धमकी देने वाला या संदिग्ध लगता हो।

### आइए निकट से देखें

अल्कोहल (शराब) पीने से — आपके और कंपनी के लिए कुछ जोखिम उत्पन्न होता है— इसलिए हमें अपने सद्विवेक का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

जिन समारोहों में अल्कोहल उपलब्ध कराई जाती है, उनके लिए कंपनी के अधिकारी की पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त होनी चाहिए। यदि आप कंपनी के समारोहों में या कार्य के लिए यात्रा करते समय शराब पीते हैं, तो जिम्मेदार तरीके से पीएँ और इसका असर रहते ड्राइव न करें।

इसी प्रकार, अशक्त होने पर कार्य न करें। इसे ध्यान में रखें, कानूनी रूप से अनुमत दवाएँ तक हानि पहुँचा सकती हैं। यदि आपका कोई प्रश्न है, तो अपने प्रबंधक से बात करें।

### Regal Rexnrod का तरीका

केट एक सुरक्षित इमारत में कार्य करती है, जहाँ बगल के प्रवेश द्वारों में केवल की कार्ड की सहायता से पहुँच हासिल की जा सकती है।

आज सुबह जब वह कार्य करने पहुँची तब एक व्यक्ति ने दरवाजे तक उसका पीछा किया और उसके पीछे घुसने की कोशिश की। वह उसे नहीं पहचानती थी, इसलिए उसने उस व्यक्ति को बैज के बिना प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बजाय, उसने कहा कि यह कंपनी की नीति है कि वह उपयुक्त ढंग से साइन इन (हस्ताक्षर) करे और उसने उस व्यक्ति को मुख्य प्रवेश द्वार पर भेज दिया।

केट का कार्य हमारी आशा के अनुरूप था। उसने कार्यस्थल को संभावित घुसपैठियों और अनधिकृत कार्मिकों से सुरक्षित रखा।



## विविधता, संबद्धता और समावेशन

Regal Rexnord में, हम वैश्विक स्तर पर समावेशन और विविधतापूर्ण कार्य वातावरण में विश्वास करते हैं। हमारी टीम Regal Rexnord को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अपने विशिष्ट कौशलों, परिप्रेक्ष्यों और अनुभवों का योगदान करती हैं और हमारे ग्राहकों के लिए नवीनता भरे समाधानों को विकसित करती हैं। हम ऐसा कार्यस्थल चाहते हैं, जहाँ लोगों का सम्मान व्यक्ति के रूप में हो, और हम योग्य लोगों को बिना किसी भेदभाव के नियुक्त और प्रोन्नत करते हैं।

### आइए निकट से देखें

निम्नलिखित विशेषताओं का किसी व्यक्ति की कार्य करने की योग्यता से कोई सम्बंध नहीं है।

साक्षात्कार में इन विषयों के बारे में न पूछें या उन्हें नियोजन सम्बंधी निर्णयों का आधार न बनाएँ।

- नस्ल, रंग, या राष्ट्रीय मूल
- धर्म
- लिंग या लैंगिक पहचान
- यौनाभिमुखता या वैवाहिक स्थिति
- आयु
- अपंगता
- सैन्य या सेवानिवृत्त सैनिक की स्थिति
- पारिवारिक स्थिति

### उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम योग्य लोगों को कौशल, योग्यता और अनुभव के आधार पर नियुक्त और प्रोन्नत करते हैं।
- हम नस्ल, लिंग या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य निजी विशेषता के आधार पर नियुक्ति करने या नौकरी देने के निर्णय नहीं लेते हैं।

# पारस्परिक सम्मान और उत्पीड़न-मुक्त वातावरण

किसी को भी कभी शर्मिंदा, असहज अनुभव नहीं करना चाहिए, या काम पर आने से डरना नहीं चाहिए। हिंसा, धमकी, उत्पीड़न, और धौंस के लिए Regal Rexnord में कोई स्थान नहीं है और उसे सहन नहीं किया जाएगा।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम किसि भी प्रकार की योन टीपणी तथा व्यवहार जो अभद्र है या अपमानजनक है या भयभीत करने वाला है या आपके कार्यस्थल को प्रतिरोधी बनानेवाला है तो हम उसे बरदाश नही करेंगे।
- हम प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक — अर्थात् निष्पक्ष, पेशेवर और सौजन्यतापूर्ण व्यवहार करते हैं।
- हम ऐसे तरीके से पेश नहीं आते जिससे किसी को घबराहट या डर का अहसास हो या उसे अवांछित होने की अनुभूति हो।
- हम न तो धौंसियाते हैं, न ही परेशान, या निष्कासित करते हैं।
- हम अन्यों को भी इन्हीं समान मानदंडों पर रखते हैं।
- यदि हम अपमानजनक व्यवहार या अधिकार के दुरुपयोग को देखते हैं तो हम आवाज़ उठाते हैं।



## आइए निकट से देखें

यौन उत्पीड़न, कार्यस्थल पर हो सकने वाले उत्पीड़न का एकमात्र रूप नहीं है। उत्पीड़न में ऐसा कोई भी व्यवहार शामिल हो सकता है जो किसी अन्य व्यक्ति के लिए अवांछित या अप्रिय हो। इसमें किसी को धौंसियाना, डराना, या धमकाना अथवा हिंसात्मक कार्य शामिल हैं।

## Regal तरीका

जेसिका ने गौर किया कि उसकी सहकर्मी अपने प्रशासनिक सहायक के साथ अभद्र व्यवहार करती थी और उससे अप्रसन्न थी। समय बीतने के साथ उसका व्यवहार और तीखा होता गया, यहाँ तक कि उसकी सहकर्मी रोज नाराज़ लगने लगी। कभी-कभी वह गाली-गलौज भरे शब्दों का प्रयोग करती थी।

जेसिका को नहीं लगता था कि यह किसी से पेश आने का सही तरीका था। यद्यपि वह इस मामले में शामिल होने के बारे में अनिच्छुक थी, उसने अपने प्रबंधक से इस बारे में बात की। उसे यह जानकर राहत मिली कि वह अपनी एक सहयोगी की सहायता कर रही थी।

# हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) उस समय महत्त्वपूर्ण होती है, जब हम अपने उत्पादों को बनाते, बेचते और वितरित करते हैं।



# उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता

Regal Rexnord में हम नवीनता भरे उपाय, गुणवत्ता, सुपुर्दगी, प्रतिक्रियाशीलता, और लागत के माध्यम से ग्राहकों को विश्व-स्तरीय कार्यप्रदर्शन उपलब्ध कराते हैं। हम उच्च स्तरीय उत्पाद तैयार करते हैं, जो उस इरादे के लिहाज से सुरक्षित होते हैं, जिनके लिए उन्हें प्रयोग किया जाना है। हम साथ मिल कर अपने उत्पादों की विश्वसनीयता और सुरक्षा को सुधारने के तरीकों की तलाश करते हैं और हमेशा कानूनी, नियामक, और ग्राहकों की अपेक्षाओं को या तो पूरा करते हैं, या उससे आगे बढ़ जाते हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम कठोर गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पाद मानदंडों का अनुसरण करते हैं।
- हम कुशलता से प्रचालन करते हैं लेकिन हम किसी कार्य को करने के लिए समय और धन की कंजूसी नहीं करते।
- हम जब नए उत्पादों का आविष्कार या विकास करते हैं, तब उन्हें गुणवत्ता और नियामक मानदंडों पर खरा उतरने या उनसे आगे बढ़ जाने के लिए डिज़ाइन करते हैं।
- हम उत्पाद सुरक्षा के संबंध में पहचानी गई किसी भी चिंता को तत्परता से रिपोर्ट करते हैं।



## आइए निकट से देखें

नए उत्पाद विकास (NPD) की हमारी प्रक्रिया का ढाँचा यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया जाता है कि हमारे उत्पादों को उपयुक्त गुणवत्ता और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्रबंधित करने वाले नियामक मानदंडों पर खरा उतरने या उनसे भी आगे बढ़ जाने के लिए डिज़ाइन और उत्पादित किया जाए। इंजीनियरिंग टीम के सदस्य हमारी व्यावसायिक इकाइयों एवं अन्य मुख्य प्रकार्यों के साथ उन उत्पाद सुरक्षा नीतियों और कार्यविधियों को लागू करने के लिए कार्य करते हैं जो डिज़ाइन, उत्पादन और परीक्षण में तथा हमारे सभी उत्पादों की उपयोगी जीवन-अवधि (कार्यावधि) के दौरान सुरक्षा को बढ़ाती हैं।



# आपूर्तिकर्ता संबंध

हमारे आपूर्तिकर्ता हमारे व्यवसाय के महत्त्वपूर्ण अंग हैं और हम उनका चुनाव सावधानी से करते हैं। सफल होने के लिए, हम उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी करते हैं जो गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करते हैं और जो व्यवसाय को सही तरीके से करने पर हमारे ध्यान को साझा करते हैं।

## आइए निकट से देखें

- हम उन कंपनियों और लोगों के साथ भागीदारी करते हैं जो मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं।
- हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता सुरक्षित और स्वस्थ कार्य-वातावरण कायम करें जहाँ उनके कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए।
- हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता सोर्सिंग (खरीद-फरोख्त) सम्बंधी नियमों और कानूनों का अनुपालन करेंगे जिनमें प्रतिबंधित और खतरनाक पदार्थों के प्रयोग से संबंधित अपेक्षाएँ भी शामिल हैं।
- हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित किसी भी गोपनीय और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा करते हैं, ठीक उसी तरह जैसे हम उनसे हमारी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करने की आशा करते हैं।
- हम इसके आभास तक से बचने के लिए कि शायद कोई अनुचित संबंध विकसित हो गया है, नियमित रूप से दुबारा बोली लगवाए जाने पर विचार करते हैं।

## आइए निकट से देखें

Regal Rexnord के साथ व्यवसाय करने के लिए, हमारे आपूर्तिकर्ताओं को हमारे उच्च नैतिक मानदंडों पर खरा अवश्य उतरना चाहिए और उनके पास उपयुक्त आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा होनी चाहिए।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्तिकर्ता हमारे मानदंडों पर खरे उतर रहे हैं, हम उन्हें संगठन में शामिल करने से पहले किसी गलत कार्य से बचने के लिए अपेक्षित उचित कदम उठाते हैं, और हम लेखा परीक्षण, निरीक्षण, या कार्य स्थल का मुआयना भी कर सकते हैं अथवा उनसे किसी प्रमाणन (प्रक्रिया) को पूरा करने के लिए कह सकते हैं। हम आपूर्तिकर्ताओं से निरंतर सुधार लाने के लिए कहते हैं और उन्हें अपने उच्च मानदंडों पर रखते हैं।

# निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

हम ग्राहकों से ऑर्डर, गुणवत्ता और अपने कार्य की संपूर्ण उपयोगिता के आधार पर प्राप्त करते हैं — न कि आपूर्तिकर्ताओं के साथ साजिश करके या प्रतिस्पर्धियों को अनुचित ढंग से अलाभकारी स्थिति में रख कर प्राप्त करते हैं। हम मुक्त और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने वाले प्रतिस्पर्धा कानून के अनुसार, ईमानदारी और निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## आइए निकट से देखें

- हम मूल्य स्थिर करने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ मिलीभगत करने से संबद्ध नहीं होते। हम मूल्य स्वतंत्र ढंग से तय करते हैं — प्रतिस्पर्धियों, आपूर्तिकर्ताओं, या अन्यों से परामर्श और सहमति के बिना।
- हम प्रतिस्पर्धियों को अनौपचारिक तौर पर भी क्षेत्र, उत्पाद श्रृंखलाएँ या ग्राहक आवंटित नहीं करते।
- हम अपनी मूल्य निर्धारण कार्यपद्धतियों या प्रक्रियाओं में परिवर्तन करने और किसी वितरक या प्रतिस्पर्धी से व्यावसायिक संबंध शुरू या समाप्त करने से पहले विधिक विभाग से परामर्श करते हैं।
- हम उन नियमों को समझते हैं जो प्रतिस्पर्धियों के साथ हमारे पारस्परिक संबंधों को सीमित करते हैं और हम जब व्यापारिक या पेशेवर असोसिएशन (संघ) की बैठकों में भागीदारी करते हैं तब इन नियमों का अनुसरण करते हैं।
- हम मानते हैं कि प्रतिस्पर्धियों से वार्तालाप में जोखिम होता है, और शिष्टाचार वाले वार्तालाप के अलावा किसी भी वार्तालाप से संबद्ध होने से पहले विधिक विभाग की अनुमति लेते हैं।
- हम प्रतिस्पर्धात्मक सूचना सामग्रियों को कैसे एकत्र करते हैं, इसे समझते हैं। प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी एकत्र करते समय, हम सार्वजनिक स्रोतों का उपयोग करते हैं और धोखाधड़ी या छल का सहारा नहीं लेते।

---

प्रतिस्पर्धा कानूनों के अंतर्गत ये सभी कार्य गैरकानूनी हैं, भले ही वे एक कप काफी पीते हुए अनौपचारिक/संयोगवश हुई बातचीत के दौरान हुए हों:

- मूल्यों को स्थिर या तय करने के लिए समझौते
- क्षेत्रों को आवंटित करने के लिए समझौते
- ग्राहकों का बँटवारा करने के लिए समझौते
- उत्पाद श्रृंखलाओं को बाँटने के लिए समझौते

---

## आइए निकट से देखें

निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करना तब जटिल हो जाता है, जब आपूर्तिकर्ता या ग्राहक प्रतिस्पर्धी भी हों।

सभी वार्तालापों को वर्तमान व्यावसायिक संबंध पर केंद्रित रखें, और बाजार या उद्योग के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श न करें। क्या उचित है, यदि इस संबंध में आपके पास प्रश्न हैं तो विधिक विभाग से सलाह लें।

## Regal Rexnord का तरीका

जिस समय सारा बीजिंग में एक सम्मेलन में थी, एक प्रतिस्पर्धी के विक्रय प्रबंधक, पीटर ने उससे मुलाकात की।

उन्होंने कुछ देर तक सम्मेलन के बारे में शिष्टाचार निभाने वाली बातचीत की। उसके बाद पीटर ने चर्चा की कि ऐसे रास्ते हो सकते हैं जिनके जरिए वे एक-दूसरे की मदद करने के लिए टीम बना लें। सारा ने फौरन समझ लिया, कि उसके लिए वार्तालाप से अलग होना जरूरी है। उसने विक्रय प्रबंधक को बता दिया कि वह बातचीत छोड़कर क्यों जा रही है। उसके बाद वह अपने कमरे में गई और जो घटित हुआ था उसे रिपोर्ट करने के लिए अपने प्रबंधक को फोन किया। उसकी प्रबंधक, प्रिया, ने उससे कहा कि उसका वार्तालाप समाप्त करना सही था — और उससे शेष सम्मेलन में पीटर से दूर रहने के लिए कहा। उसने कहा कि वह विधिक विभाग को भी सूचित करेगी।

सारा के तत्परता भरे कार्य ने एक ऐसे वार्तालाप को रोक दिया जो उसे और Regal Rexnord, दोनों को गंभीर समस्या में फँसा सकता था।

## आइए निकट से देखें

"कार्य आसानी से कराने के लिए किए जाने वाले भुगतानों" पर गौर करें। ये अकसर घूस जैसे नहीं लगते क्योंकि ये छोटी धन राशियाँ हैं जिनके लिए सामान्यत:आधिकारिक पदों पर आसीन लोग अनुरोध करते हैं।

उदाहरण के लिए:

- कोई सीमाशुल्क अधिकारी, किसी निश्चित माल की जल्दी निकासी कराने के लिए
- कोई इंस्पेक्टर, किसी उल्लंघन के मामले को अनदेखा करने के बदले में
- कोई आकलनकर्ता, किसी उत्पाद के प्रमाणन के लिए
- कोई लेखा परीक्षक किसी अनुकूल निष्कर्ष के लिए

हम आसानी से कार्य कराने के लिए भुगतान नहीं करते। यदि आपसे ऐसे किसी भुगतान के लिए अनुरोध किया जाता है, तो उसे करने से इनकार करें और इस अनुरोध को अपने सुपरवाइज़र या विधिक विभाग को रिपोर्ट करें।

## Regal Rexnord का तरीका

एलन एक सरकारी क्लाइंट (ग्राहक) के साथ अत्यंत घनिष्ठ रूप से कार्य करता है, जिसकी एक स्कूल जाने की उम्र की बेटी है।

क्लाइंट अपनी बेटी को अमेरिका के एक कॉलेज में भेजना चाहता है और एलन से पूछता है कि क्या वह उसके (क्लाइंट की बेटी के) लिए अपने कॉलेज (जिसमें एलन पढ़ा था) को सिफारिशी चिट्ठी लिखेगा। एलन उस व्यक्ति को पसंद करता है और उसे अपना मित्र मानता है, लेकिन अनुभव करता है उसका संदर्भ क्लाइंट और उसके परिवार के लिए थोड़े निजी महत्त्व का भी है।

एलन ने विधिक विभाग को फोन किया और उन्होंने उसे पत्र न लिखने की सलाह दी। एलन की सावधानी भरी सोच ने उसे एक संभावित विधिक जोखिम से बचने में सहायता की।



# भ्रष्टाचार से लड़ना

हम भ्रष्टाचार और घूसखोरी के हर रूप के विरुद्ध हैं और हम इसे अपने व्यवसाय में या अपने व्यावसायिक भागीदरों से, सहन नहीं करेंगे। Regal Rexnord में कोई भी व्यवसाय प्राप्त करने या उसे कायम रखने के लिए उपहार, नकद, नहीं दे सकता, तरफदारियाँ नहीं कर सकता या कोई मूल्यवान वस्तु भेंट नहीं कर सकता— इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि आप विश्व में कहाँ स्थित हैं। हम सभी भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का अनुपालन करते हैं और इसे मान्यता देते हैं कि अमेरिका का विदेश में भ्रष्टाचारी कार्यपद्धतियों सम्बंधी अधिनियम (FCPA), यू.के. का घूसखोरी अधिनियम (UKBA), और ब्राजील का स्वच्छ कंपनियों सम्बंधी अधिनियम (Brazil Clean Companies Act) अनेक देशों में हमारे कार्यों पर लागू हो सकता है।

# उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम किसी अनुचित व्यावसायिक लाभ को प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए घूस या भ्रष्टाचारी गतिविधियों का प्रयोग नहीं करते हैं।
- हम किसी को हमारी ओर से घूस की पेशकश करने की इज़ाज़त नहीं देते।
- हम Regal Rexnord की ओर से कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति के कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं।
- हम अनुचित व्यवहार रोकने के लिए अपने व्यावसायिक भागीदारों और एजेंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी करते हैं।
- हम सभी भुगतानों और लेनदेनों को सटीक रूप से रिकॉर्ड करते हैं।
- हम सरकारी अधिकारियों या लोक सेवकों से अपने पारस्परिक संबंध में हर समय कानून और कंपनी की नीति का अनुसरण करते हैं।

**घूस** ऐसी कोई भी मूल्यवान चीज़ है जो किसी के व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित कर सकती है।

यद्यपि कई लोग नकद या महँगे उपहारों के बारे में सोचते हैं, पर घूस यात्रा, काम देने की पेशकश, या किसी की या उसके पारिवारिक सदस्य की सहायता के लिए व्यक्तिगत प्रभाव का प्रयोग करने जैसी सरल दिखने वाली चीज़ भी हो सकती है।

# उपहार, भोज, और मनोरंजन

हम अपनी गुणवत्ता, दक्षता, विश्वसनीयता और दीर्घकालिक स्थिरता के आधार पर व्यवसाय प्राप्त करना चाहते हैं — न कि इसलिए कि हमने निर्णयकर्ताओं को अनुचित उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य उपलब्ध कराया है।

उपहारों, भोजों, और मनोरंजन को उपलब्ध कराने या स्वीकार करने से सद्भावना और मज़बूत कामकाजी संबंध कायम करने में सहायता मिल सकती है— पर तभी तक, जब तक हम अपने सामान्य विवेक का प्रयोग करते हैं और कंपनी के दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हैं। असावधानी से चुने गए विकल्प हमारे संसाधनों का दुरुपयोग है और Regal Rexnord की ख्याति को नुकसान पहुँचा सकते हैं, यहाँ तक कि वे घूस दिख सकते हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम उपहारों, भोजों, और मनोरंजनों के लिए सामान्य विवेक का प्रयोग करते हैं। हम ऐसे किसी भी कार्य से बचते हैं जिससे यह आभास हो कि हम बदला चुकाने वाले या पक्षपातपूर्ण परिणामों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।
- हम नकद या उपहार प्रमाणपत्रों या वाउचर्स जैसे नकद के समतुल्यों की न तो पेशकश करते हैं और न ही उन्हें स्वीकार करते हैं।
- हम व्यावसायिक भागीदारों से उन उपहारों की माँग नहीं करते, जिन्हें देना हमारे लिए निषेधित है।
- हम मनोरंजन केवल तब उपलब्ध कराते हैं जब वह हर प्रकार के लिंग वालों के लिए उपलब्ध हो और पेशेवर माहौल (सेटिंग) के लिए उपयुक्त हो।
- हम लोक कर्मचारियों या सरकारी कर्मचारियों, प्रतिनिधियों, अधिकारियों या उनके पारिवारिक सदस्यों को कभी कोई मूल्यावन चीज़ नहीं देते।

## आइए निकट से देखें

Regal Rexnord में, हमारे उपहार सम्बंधी अपेक्षाएँ इस आधार पर परिवर्तित होती रहती हैं कि हम किसके साथ कार्य कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, हमारे नियमित वाणिज्यिक व्यवसाय के दौरान, हमें US$100 से अधिक मूल्य का उपहार देते या लेते समय विधिक विभाग की अनुमति अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। यदि हम सरकारी कर्मचारियों, प्रतिनिधियों, अधिकारियों, या उनके परिवार के साथ कार्य कर रहे हैं, तो हमारे लिए कोई भी मूल्यवान चीज देने लेने से पहले विधिक विभाग की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है।

व्यवसाय में उपहार देना चाहते हैं? Regal Rexnord के दिशानिर्देशों के अंतर्गत यह आवश्यक है कि इसे:

- नाममात्र मूल्य का होना चाहिए (सामान्यतः US$25 से कम)
- कानून और प्राप्तकर्ता की कंपनी से अनुमत होना चाहिए
- प्राप्तकर्ता द्वारा अनुरोधित नहीं होना चाहिए
- उपयुक्त होना चाहिए (और अप्रिय न हो)
- उपयुक्त व्यावसायिक उद्देश्य से संबंधित होना चाहिए
- नियमित रूप से नहीं दिया जाना चाहिए

## Regal Rexnord का तरीका

एक विक्रय प्रबंधक, मार्टिन, एक काफी पुराने ग्राहक से मिल रहा था जिसमें मोटरसाइकिल रेस को लेकर जुनून था। ग्राहक ने मार्टिन से कहा कि उसके पास उस सप्ताहांत में होने वाली Moto GP रेस के टिकट थे पर वह नहीं जा पा रहा था। उसने वे टिकट मार्टिन और उसकी पत्नी को देने की पेशकश की।

मार्टिन वहाँ जाना पसंद करता, लेकिन उसने सोचा कि उन टिकटों का मूल्य US$100 से अधिक था, इसलिए उसने अस्वीकार कर दिया।

## सरकार के साथ कार्य करना

जिस समय हम स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय सरकारों, या सरकारी स्वामित्व वाली इकाइयों के साथ कार्य कर रहे होते हैं, उस समय अकसर विशेष विनियम लागू होते हैं – इसलिए यदि सरकारी ग्राहकों के साथ कार्य कर रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप नियमों को समझते हैं। प्रस्तावों को जमा करने से, खरीद ऑर्डर्स (पीओज़) स्वीकार करने, या सरकारी काम से जुड़े अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने से पहले, कानूनी विभाग से सहायता लें।

सरकारी अधिकारियों और कंपनी को प्रभावित करने वाले कानूनों और विनियमों में परिवर्तन सम्बंधित किसी भी गतिविधि (जैसे कि लॉबिइंग) से पहले विधिक विभाग की अग्रिम अनुमति आवश्यक है।

**निर्यात** तब होता है जब मोटर्स या गियरिंग जैसी भौतिक वस्तुएँ सीमा पार भेजी जाती हैं।

निर्यात में सॉफ्टवेयर, सेवाएँ, या तकनीकी जानकारी भी शामिल हो सकती है — उदाहरण के तौर पर, यदि:

- आपके लैपटॉप पर मौजूद दस्तावेज सीमा पार ले जाए जाएँ
- तकनीकी जानकारी को ईमेल किया जाए या ऑनलाइन पोस्ट किया जाए
- किसी अन्य देश के किसी व्यक्ति को संक्षिप्त जानकारी प्राप्त होती है या उसे फैक्टरी टूर (यात्रा) पर भेजा जाता है

यदि आप उत्पादों, सेवाओं, सूचना या सॉफ्टवेयर के साथ कार्य करते हैं, तो वे निर्यात प्रतिबंधों के अधीन हो सकते हैं, सुनिश्चित करें कि जब कोई निर्यात होता है तब आप इसे समझते हैं और आपको प्रतिबंधों और प्रक्रियाओं का अनुसरण अवश्य करना चाहिए।

## आइए निकट से देखें

वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में, हमारे लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हमारा उत्पाद गलत हाथों में न पड़े। हम यह कार्य घरेलू (देशीय) और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों तरीके अपनाकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला और ग्राहकों के बारे में जान कर करते हैं।

हमारे लिए यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने ग्राहकों के बारे में पर्याप्त जानकारी रखना आवश्यक है कि हम ख्याति प्राप्त कंपनियों/संस्थाओं के साथ व्यवसाय कर रहे हैं — और उन लोगों को बिक्री या निर्यात करने से बचें जो आतंकवाद या गैरकानूनी हथियारों के उत्पादन के कार्यों से संबद्ध हैं, अथवा जो खतरनाक या गैरकानूनी गतिविधियों के कारण प्रतिबंध सूचियों में हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण

हम पूरे विश्व में प्रचालन करने वाले एक अग्रणी कारपोरेशन हैं, और हम कई सीमाओं के पार व्यवसाय करते हैं। अच्छी व्यावसायिक कार्यपद्धतियों को सुनिश्चित करने और देशों द्वारा एक-दूसरे के साथ निष्पक्षता से व्यवहार किए जाने के लिए व्यापार नियंत्रण कानून लागू किए गए हैं। यद्यपि व्यापार नियंत्रण कानून और विनियम जटिल, तकनीकी, और परिवर्तन के अधीन हैं, पर हम जहाँ भी व्यवसाय करते हैं, हमें उन्हें अवश्य जानना चाहिए और उनका अनुसरण करना चाहिए।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम अपने उत्पादों का आयात-निर्यात करने के लिए सभी नीतियों और कार्यविधियों का अनुसरण करते हैं। इसका अर्थ है:
  - उत्पादों का निर्यात करने के लिए उचित प्राधिकार प्राप्त करना
  - यह सुनिश्चित करने के लिए ग्राहकों की स्क्रीनिंग करना कि उन्हें हमारे निर्यात प्राप्त करने की अनुमति है
  - सभी आवश्यक दस्तावेज़ों को प्रस्तुत करना, और सुनिश्चित करना कि वे समयानुसार, सत्य, सटीक और पूरे हैं, जिनमें वे अवसर भी शामिल हैं जब उन्हें अन्य लोग तैयार करते हैं
  - अपेक्षा के अनुसार रिकार्ड्स कायम करना
  - वैश्विक व्यापार अनुपालन टीम के साथ अनुपालन को सही ढंग से कार्यान्वित करने के लिए कार्य करना
- हम अपने ग्राहकों के स्वामियों, प्रचालनों, स्थानों और हमारी सामग्रियों के अंत्य प्रयोग के बारे में स्पष्ट उत्तर माँगते हैं।
- हम प्रतिबंधित देशों, समूहों, या व्यक्तियों, अथवा ऐसे किसी को निर्यात नहीं करते, जो उनका पुनर्निर्यात कर सकता हो।
- हम कुछ निश्चित देशों के बहिष्कार में न तो भाग लेते हैं, न ही उसका समर्थन करते हैं।

## काले धन को सफेद बनाने और धोखाधड़ी से संघर्ष

हर आकार के व्यवसाय काले धन को वैध बनाने और धोखाधड़ी का निशाना बन सकते हैं। इससे बचने के लिए, हम केवल उन ग्राहकों के साथ व्यवसाय करते हैं, जो वैध व्यावसायिक गतिविधियों से संबद्ध होते हैं और अपनी निधियाँ वैध स्रोतों के माध्यम से प्राप्त करते हैं। हम चेतावनी-चिह्नों पर निगाह रखते हैं और हम जोखिम में डालने वाले संभावित ग्राहक संबंधों को तलाशने और उनसे बचने के लिए उचित कदम उठाते हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है


- हम किसी गलत कार्य को करने से बचने के लिए व्यावसायिक भागीदारों, जिनमे प्रतिनिधि, वितरक, या तृतीय पक्ष एजेंट शामिल हैं, को संबद्ध करने से पहले गलत कार्य से बचने के लिए उचित कदम उठाने वाली कार्यविधियों का अनुसरण करते हैं।
- हम निम्नलिखित में से किसी को विधिक विभाग या **integrity@regalrexnord.com को रिपोर्ट करते हैं:**
  - ग्राहकों या ग्राहक प्रतिनिधियों द्वारा गलत जानकारी दिया जाना
  - नकद या नकद के समतुल्य (मनीऑर्डर्स, यात्री चेक्स) भुगतान
  - तृतीय पक्ष के जरिए या तृतीय पक्ष को भुगतान करने का अनुरोध
  - ऐसे स्थानों में व्यावसायिक संपर्क जो आम तौर पर आतंकवाद या नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े हों
  - लेनदेन का ढाँचा इस तरह तैयार करने का प्रयास ताकि रिकॉर्ड कायम रखने और रिपोर्ट करने सम्बंधी सामान्य अपेक्षाओं से बचा जा सके



आप किसी नए प्रतिनिधि, वितरक, तृतीय पक्ष एजेंट या अन्य व्यावसायिक भागीदार को संबद्ध करें, उससे पहले हमारे द्वारा कोई गलत कार्य किए जाने से बचने के लिए उचित कदमों को उठाया जाना और **व्यावसायिक भागीदार संबद्धता और पुनर्सम्बद्धता कार्यविधियों का अनुसरण करना सुनिश्चित करें।**

### Regal Rexnord का तरीका

ओलिविया एक आपूर्तिकर्ता के भुगतान अनुरोध के बारे में कार्य कर रही थी तभी उसे यह अनुरोध करने वाला ईमेल प्राप्त हुआ कि भुगतान से संबंधित पता बदल दिया जाए। अनुरोध ऐसे नाम से किया गया था जिसे वह नहीं जानती थी, और ईमेल पते का URL उस संपर्क के पते से थोड़ा अलग था, जिसके साथ वह सामान्यतःकार्य करती थी। पता बदलने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले उसने विधिक विभाग से संपर्क किया। कुछ विश्लेषण करने के बाद, तय किया गया कि अनुरोध एक जाली ईमेल पते से किया गया था। यदि उसने इनवॉयस (बीजक) का भुगतान जाँच-पड़ताल किए बिना कर दिया होता, तो उसने भुगतान गलत जगह पर भेज दिया होता।




# हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) उस समय महत्त्वपूर्ण होती है जब हम कंपनी को प्रभावित करने वाले निर्णय लेते हैं।



## हमारी परिसम्पत्तियों की सुरक्षा करना

हम सभी Regal Rexnord की परिसंपत्तियों का उचित ढंग से उपयोग करने के लिए उत्तरदायी हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे लिए सामान्य विवेक का प्रयोग करना आवश्यक है और हमें कंपनी की निधियों, संपत्ति, सूचना और सूचना प्रणालियों का प्रयोग करते समय आवश्यक पूर्व सुरक्षा-उपाय अवश्य करने चाहिए।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम Regal Rexnord की परिसंपत्तियों का उपयोग केवल कंपनी के उद्देश्यों और कंपनी के लाभ के लिए करते हैं।
- हम कंपनी की परिसंपत्तियों का उपयोग करते समय अपने सद्विवेक का प्रयोग करते हैं, चाहे वह कंपनी के धन को यात्रा पर व्यय करना हो अथवा पेशेवर ढंग से ईमेल लिखना हो।
- हम कंपनी के संभी इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों, जिनमें निजी कंप्यूटर्स, ईमेल और सेलफोन्स शामिल हैं, का प्रयोग उपयुक्त ढंग से करते हैं।
- हम सभी साइबर सुरक्षा नीतियों और कार्यविधियों का अनुसरण करते हैं।

### आइए निकट से देखें

कुछ अवसरों पर कंपनी के संसाधनों का उपयोग आकस्मिक निजी कारणों से करना स्वीकार किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, संभव है कि आप किसी मुलाकात को निश्चित करने के लिए अपने डॉक्टर के कार्यालय (क्लिनिक) को फोन करें या घर जाने के लिए यातायात के बारे में इंटरनेट चेक करें।

सद्विवेक का प्रयोग करें: यदि इसमें काफी संसाधन संबद्ध नहीं हों और इससे आपके या किसी अन्य के कार्य में बाधा नहीं पड़ती हो तो संभवतःइसे ठीक माना जा सकता है। सुविधा और कार्य समूह संबंधी विशिष्ट नियमों पर हमेशा विचार किया जाना चाहिए।



## आइए निकट से देखें

हमारी मूल्यवान कंपनी परिसंपत्तियों में ऐसी कोई भी जानकारी शामिल है, जो सामान्य रूप से जनता को उपलब्ध नहीं है, जिसमें वह जानकारी भी सम्मिलित है, जिसे हम विकसित, क्रय करते हैं, या जिसका लाइसेंस देते हैं, अथवा जिसे ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त करते हैं — इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि यह किस रूप में दिखती है।

यह संभव है कि आपको वैध व्यावसायिक कारणों के लिए कंपनी की जानकारी Regal Rexnord के बाहर के लोगों के सामने प्रकट करने की आवश्यकता हो। ऐसा करने से पहले, गोपनीयता समझौते के बारे में सहायता प्राप्त करने के लिए विधिक विभाग से संपर्क करें।



# गोपनीय सूचना

कंपनी, हमारे ग्राहक और हमारे आपूर्तिकर्ता गोपनीय जानकारी के संबंध में हम पर भरोसा करते हैं और इसे सुरक्षित रखने के लिए हम पर निर्भर होते हैं। हम अपने कार्यों में जिस किसी गोपनीय सूचना के साथ कार्य करते हैं, उसकी सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इसकी सुरक्षा करें और इसे तभी प्रयोग या साझा करें, जब आपका कार्य इसकी अपेक्षा करता है। इसका एकमात्र अपवाद वे स्थितियाँ हैं, जब प्रकटन कानून द्वारा उचित ढंग से अधिकृत अथवा अपेक्षित हो।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम जानकारी को सुरक्षित और गोपनीय रखते हैं और इसे अनुमति के बिना साझा नहीं करते।
- हम सार्वजनिक स्थानों पर गोपनीय जानकारी की चर्चा करने से बचते हैं।
- हम Regal Rexnord से बाहर के लोगों के साथ जानकारी तब तक साझा नहीं करते, जब तक उनके लिए उसे जानना वैध रूप से आवश्यक न हो, और हम उसे अनुमति के बिना कभी प्रकट नहीं करते।
- हम गोपनीय जानकारी का प्रयोग केवल इसके अभीष्ट उद्देश्य के लिए करते हैं और निजी कारणों के लिए कभी प्रयोग नहीं करते।
- हम गोपनीय दस्तावेजों को प्रतिलिपित और प्रयोग करते समय उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से कार्य करते हैं, और दस्तावेजों को कार्यक्षेत्र से केवल तब हटाते हैं जब ऐसा करना अपने कार्य उचित ढंग से करने के लिए आवश्यक हो।
- हम कंपनी की जानकारी का निपटान उचित ढंग से करते हैं।
- हम उस गोपनीय जानकारी का प्रयोग नहीं करते जिसे हमने पहले किए गए कार्य से प्राप्त किया है, और हम उस स्थिति में Regal Rexnord की गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करने के लिए उत्तरदायी हैं, यदि Regal Rexnord में हमारी नौकरी/रोजगार की समाप्ति हो जाए।

# व्यक्तिगत डाटा गोपनीयता

यह हमारा उत्तरदायित्व है कि हम अपना कार्य करते समय जिस निजी जानकारी का प्रयोग या संचय करते हैं, उसकी सुरक्षा करें। यूरोपियन यूनियन में सामान्य डाटा संरक्षण विनियम (GDPR) जैसे कानूनों की कई अपेक्षाएँ हो सकती हैं, जिनका हमें अवश्य पालन करना चाहिए। जो लोग हमारे साथ निजी जानकारी को साझा करते हैं, उन्हें यह भरोसा होना चाहिए कि हम उनका प्रयोग उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से करेंगे, इसे केवल वैध व्यावसायिक उद्देश्यों और लागू गोपनीयता कानूनों का अनुपालन करते हुए प्रयुक्त और संचय करेंगे।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है


- हम जब व्यक्तियों की निजी जानकारी के साथ कार्य कर रहे होते हैं, तब इसे स्वीकार करते हैं, ताकि उसकी सुरक्षा के लिए कदम उठा सकें।
- हम जानते हैं कि गोपनीयता सम्बंधी कारणों से हम पर कुछ निश्चित डाटा के प्रयोग और उस तक पहुँच के बारे में प्रतिबंध हो सकते हैं।
- यदि हम निजी डाटा का संग्रह करते हैं, तो हम जिसे संग्रह कर रहे हैं, और जिस प्रकार प्रयोग कर रहे हैं, उस बारे में पारदर्शी रहते हैं, और हम किसी भी अपेक्षित स्वीकृति को प्राप्त करते हैं।
- हम निजी डाटा का प्रयोग केवल उस कारण से करते हैं जिसके लिए उसे संग्रह किया गया है, और हम उसे केवल तब तक रखते है जब तक हमें उसकी आवश्यकता होती है।
- निजी डाटा अनुचित ढंग से प्रकट न किया जाए, इसे सुनिश्चित करने के लिए हम अपनी सुरक्षा कार्यविधियों का अनुसरण करते हैं।
- हम किसी के बारे में, जिनमें हमारे आपूर्तिकर्ता और अन्य तृतीय पक्ष भी शामिल हैं, निजी सूचना को तब तक साझा नहीं करते, जब तक हमें ऐसा करने के लिए स्पष्ट अनुमति प्राप्त न हो।

## आइए निकट से देखें

हम डिजिटल युग में रह रहे हैं, जहाँ संगठनों के पास लोगों के बारे में जानकारी विशाल मात्रा में एकत्र और संचित करने की क्षमता हैं।

लोग और कंपनियाँ इस प्रकार के डाटा को कैसे रखें और प्रयोग करें, इस संबंध मे नियंत्रण लागू कर सरकारें प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है।

गोपनीयता सम्बंधी ये अपेक्षाएँ हम सबको प्रभावित कर रही हैं। डाटा को उचित ढंग से संरक्षित और स्थानांतरित किया जाए, इसे सुनिश्चित करने के लिए Regal Rexnord में उपयुक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं।



## बौद्धिक सम्पदा सम्बंधी अधिकार

नवीन उपायों और नए उत्पादों का विकास हमारी दीर्घकालिक सफलता के लिए आवश्यक है। नई प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के अनुसंधान और विकास में हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक योगदान की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। हमारी बौद्धिक संपदा में हमारे द्वारा सृजित सभी नवीन उपाय शामिल हैं। हम सबको अपने बौद्धिक संपदा अधिकारों को संरक्षित और सुरक्षित रखने की आवश्यकता और उत्तरदायित्व के प्रति हमें अवश्य सचेत रहना चाहिए।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम संभावित अनुसंधानों और व्यापारिक गोपनीयताओं को जानने के लिए नए Regal Rexnord उत्पादों, सेवाओं, प्रक्रियाओं और सॉफ्टवेयर का मूल्यांकन करते हैं।
- हम नए उत्पादों, उत्पाद-साहित्य, और विज्ञापन को बौद्धिक संपदा अधिसूचनाओं के माध्यम से चिह्नित करते हैं।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारी बौद्धिक संपदा के बारे में जानकारी साझा करते समय गोपनीयता समझौते लागू हों।
- हम उत्पादों को चिह्नित करने या प्रचार सामग्रियों, ईमेल्स, या किसी अन्य प्रयोग में उनकी पैकेजिंग करते समय अपने ब्रांड्स और ट्रेडमार्क्स का उचित ढंग से प्रयोग करते हैं।
- यदि हमें चिंता होती है कि हमारी बौद्धिक संपदा जोखिम में है तो हम विधिक विभाग से संपर्क करते हैं।
- विचारों को विकसित करने और खोजों को करने के लिए कंपनी के बाहर किसी से सहयोग करने से पहले हम विधिक विभाग से संपर्क करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि प्रौद्योगिकी विकास समझौता लागू है।

**बौद्धिक संपदा** में शामिल है:
- पेटेंट्स
- ट्रेडमार्क्स
- कॉपीराइट्स (मुद्रण अधिकार)
- व्यापारिक गोपनीयताएँ
- खोजों और विचारों जैसी स्वामित्व वाली अन्य जानकारी

### आइए निकट से देखें

जैसे हम दूसरों से हमारे बौद्धिक संपदा अधिकार का सम्मान करने की अपेक्षा करते हैं, वैसे ही हम अन्यों की संपदा का सम्मान करते हैं।

इस प्रतिबद्धता के अंग के तौर पर, हमें टकराव वाले पेटेंट्स या ट्रेडमार्क्स की खोज अवश्य करनी चाहिए और उन सॉफ्टवेयर, संगीत, फोटोज़, या आकृतियों/चित्रों का उपयोग कभी नहीं करना चाहिए जिनके लिए Regal Rexnord अधिकृत नहीं है या जिनके लिए उसे लाइसेंस नहीं मिला है।

# इनसाइडर ट्रेडिंग और स्टॉक टिपिंग

हम कंपनी या जिस किसी के साथ हम व्यवसाय करते हैं, की आंतरिक सूचना के आधार पर Regal Rexnord के स्टॉक (या किसी स्टॉक) की खरीद-बिक्री नहीं कर सकते या ऐसा करने के लिए अन्यों को प्रोत्साहित नहीं कर सकते। हमारी यह नीति कि इनसाइडर ट्रेडिंग निषेधित है, सब पर लागू होती है। वैसे, यह केवल कंपनी की नीति नहीं है — यह कानून भी है। इनसाडर ट्रेडिंग के लिए कठोर दंड/आर्थिक दंड हैं जिनमें आपराधिक कार्यों के लिए किया जाने वाला अभियोजन शामिल हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम (कंपनी की) आंतरिक सूचना के आधार पर स्टॉक की खरीद-बिक्री नहीं करते।
- हम कंपनी के महत्त्वपूर्ण कार्य प्रदर्शनों या घटनाक्रमों को साझा नहीं करते या मित्रों तथा संबंधियों से यह नहीं कहते कि उन्हें ऐसी आंतरिक सूचना के आधार पर स्टॉक को खरीदना या बेचना चाहिए।
- Regal Rexnord का स्टॉक खरीदने या बेचने से पहले हम इसे समझते हैं कि हमारी नीति कैसे कार्य करती है।

निदेशकों, अधिकारियों, और विशिष्ट कर्मचारियों को Regal Rexnord का स्टॉक अपने पास रखने के लिए अतिरिक्त नियमों का अनुसरण करना चाहिए। और अधिक जानकारी के लिए, कृपया निदेशकों, अधिकारियों, और प्रचालन और वित्त सम्बंधी प्रमुख कर्मचारियों के लिए प्रमाणन को देखें।



# हितों के टकरावों से बचना

कार्य के समय या कार्यस्थल के बाहर हमारे व्यवहार को Regal Rexnord के सर्वश्रेष्ठ हितों से हरगिज़ नहीं टकराना चाहिए। हितों का टकराव तब उत्पन्न होता है जब किसी का कोई ऐसा निजी, वित्तीय, या अन्य प्रकार का संबंध होता है जो उसके निष्पक्ष और यथार्थ आधारित व्यावसायिक निर्णय लेने के कर्तव्य में बाधा उत्पन्न कर सकता है, या जब कोई Regal Rexnord में अपनी स्थिति का उपयोग कंपनी की कीमत पर अपने निजी लाभ के लिए करता है।

## आइए निकट से देखें

ये सभी हितों के संभावित टकराव हैं:

- किसी आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या प्रतिस्पर्धी के स्टॉक का स्वामित्व होना
- ऐसा लोगों को उपहार देना या उनसे उपहार स्वीकार करना, जो Regal Rexnord के साथ व्यवसाय करते हैं या करना चाहते हैं (वह स्थिति अपवाद है जब हमारी उपहार, मनोरंजन और भोज नीति में इसकी अनुमति दी गई हो)
- परिवार में किसी ऐसे सदस्य का होना जो किसी आपूर्तिकर्ता या ग्राहक के लिए कार्य करता हो
- Regal Rexnord की परिसंपत्तियों या उपकरण का उपयोग आकस्मिक निजी प्रयोग के अलावा भी करना
- Regal Rexnord के कर्मचारियों के बीच रूमानी संबंध जहाँ एक व्यक्ति दूसरे के बारे में रिपोर्ट करता है या एक व्यक्ति के पास इस प्रकार के निर्णयों को प्रभावित करने का अधिकार है जो दूसरों पर असर डालते हैं (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीकों से, जिनमें अन्य प्रबंधकों से मित्रता का माध्यम भी शामिल है)
- गैर-लाभकारी बोर्ड सेवा सहित ऐसा कोई भी बाहरी व्यावसायिक या अन्य हित जो Regal Rexnord में आपके कार्य से आपके समय और ध्यान को महत्त्वपूर्ण रूप से विचलित करता है

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम इस तरीके से निर्णय नहीं लेते या कार्य नहीं करते जो Regal Rexnord के प्रति हमारे दायित्व से टकराए।
- हम इस पर विचार करते हैं कि हमारे कार्यों को दूसरों के द्वारा कैसा समझा जाएगा — जिनमें हमारे आस-पास के लोग और कंपनी के बाहर के लोग शामिल हैं।
- यदि हमें लगता है कि हमें हितों के टकराव का सामना करना पड़ सकता है, तो हम अपने प्रबंधकों या विधिक विभाग से संपर्क करते हैं।

## राजनीतिक योगदान/चंदे

Regal Rexnord में, हम अपने निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना सम्पन्न मतदाता बनने और राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन Regal Rexnord को आपकी निजी राजनीतिक गतिविधियों से अलग रखना आवश्यक है।

कंपनी के तौर पर, यह स्पष्ट अलगाव रखना हमें उन राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय कानूनों का अनुपालन करने में सहायता देता है, जो राजनीतिक गतिविधियों में हमारी भागीदारी को विनियमित करते हैं और हमारे राजनीतिक योगदानों/चंदों को सीमित करते हैं। कर्मचारी के तौर पर, इससे यह सुनिश्चित होता है कि राजनीतिक भागीदारी निजी, स्वैच्छिक, और व्यक्तिगत चुनाव है — जिस पर Regal Rexnord का किसी प्रकार का प्रभाव नहीं है।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

यदि हम व्यक्तिगत तौर पर राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेते हैं, तो:

- हम अपनी निजी राजनीतिक गतिविधियों को समर्थन देने के लिए कंपनी की संपत्ति, सुविधाओं, समय, या निधियों का उपयोग नहीं करते हैं।
- हम (कंपनी का) कार्य करने वाले या कंपनी की संपत्ति पर उपस्थित रहने के दौरान अन्य लोगों से राजनीतिक उद्देश्यों या उम्मीदवारों के लिए चंदा नहीं माँगते।
- हम Regal Rexnord के नाम या अपने पदनाम का उपयोग नहीं करते या, अपनी गतिविधियों के लिए किसी प्रकार के Regal Rexnord समर्थन का संकेत नहीं देते।

यदि हमें कंपनी की ओर से राजनीतिक दलों, संगठनों, उम्मीदवारों, या सरकारी अधिकारियों से संपर्क करने के लिए अधिकृत किया गया है:

- तब किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि शुरू करने या भुगतान करने से पहले हम उसे उचित ढंग से प्रकट करते हैं और विधिक विभाग और व्यवसाय के नेतृत्वकर्ताओं से अनुमति प्राप्त करते हैं।
- कानूनों और नियमों का पूरी तरह अनुपालन करते हैं।
- राजनीतिक चंदे देते समय हम इस संबंध में सतर्क रहते हैं कि घूस देने का आभास तक होने से बचा जाए।

### आइए निकट से देखें

राजनीतिक प्रक्रिया में कंपनी की भागीदारी पर प्रतिबंध वैश्विक स्तर पर लागू होते हैं।

कंपनी की ओर से राजनीतिक कार्य शुरू करने से पहले आपको अपने व्यवसाय के नेतृत्वकर्ता और विधिक विभाग से अनुमति प्राप्त करनी चाहिए इससे अंतर नहीं पड़ता कि आपके देश का कानून क्या है।



# हम जब कंपनी से सम्बंधित जानकारी प्रस्तुत करते हैं तब हमारी सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) महत्त्वपूर्ण होती है।

# कम्पनी के बही खाते और रिकॉर्ड्स

सार्वजनिक कंपनी के रूप में, Regal Rexnord को हमारी वित्तीय स्थिति के बारे में सच्चाई से रिपोर्ट करना चाहिए। यदि आप कंपनी को जानकारी देते हैं, तो आपको हमेशा सटीक और पूरी जानकारी देनी चाहिए। हमारे खातों और रिकॉर्ड्स की सत्यता हमें प्राप्त जानकारी पर निर्भर होती है।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम लेनदेन को उपयुक्त, सटीक और हमारी नीतियों के साथ संगत ढंग से हस्ताक्षरित और अधिकृत करते हैं।
- हम सटीक और ईमानदार रहते हैं और परिसंपत्तियों, दायित्वों, आयों और व्ययों की रिकॉर्डिंग करते समय कंपनी की सभी नीतियों और आंतरिक नियंत्रण कार्यविधियों का अनुसरण करते हैं।
- हम किसी भी उद्देश्य के लिए सायास ढंग से झूठे और गुमराह करने वाले रिकॉर्ड्स तैयार नहीं करते हैं।
- हम व्ययों को बढ़ा-चढ़ा कर नहीं बताते, उन्हें किसी अन्य समयावधि में स्थानांतरित नहीं करते, या किसी वित्तीय सूचना का गलत वर्गीकरण नहीं करते।
- यदि हमें किसी वित्तीय और व्यावसायिक जानकारी की रिकॉर्डिंग के बारे में कोई चिंता होती है, तो खुल कर बोलते हैं।

यदि कंपनी की वित्तीय जानकारी या रिपोर्टिंग के बारे में आपको कोई चिंता है, तो कंपनी के नियंत्रक, आंतरिक लेखा परीक्षा, सत्यनिष्ठा लाइन, विधिक विभाग या निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति को खुल कर बताएँ।

## आइए निकट से देखें

कुछ अवसरों पर, हम अपनी वित्तीय प्रणालियों और नियंत्रणों के आंतरिक या बाह्य लेखा परीक्षणों से संबद्ध हो सकते हैं। इससे हमें अपनी वित्तीय जानकारी की सत्यता दर्शाने में सहायता मिलती है।

किसी भी लेखा परीक्षक को पूरी तरह सहयोग दें। किसी भी अपेक्षित जानकारी को सटीक ढंग से, पूरी तरह, और समयबद्ध ढंग से साझा करें ताकि वे हमें इन सिद्धांतों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में सहायता दें।

## दस्तावेज़ रिकार्ड्स प्रबंधन

हम कानून और कंपनी के नीति के अनुसार, अपने रिकॉर्ड्स का रखरखाव उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से करते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की परवाह करते हैं कि सभी रिकॉर्ड्स स्पष्ट, सटीक और पूरे हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- जब हम जानकारी को लिखित रूप देते हैं, जिनमें हमारी ईमेल्स और अन्य पत्र-व्यवहार शामिल हैं, तब हम अपने सद्विवेक को दर्शाते हैं।
- हम रिकार्ड्स को अपनी कंपनी के रिकार्ड्स प्रतिधारण कार्यक्रम के अंतर्गत उपयुक्त अवधि तक कायम रखते हैं।
- हम कंपनी के रिकार्ड्स का उचित ढंग से नष्ट किया जाना सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की नीति का पालन करते हैं।
- हम गोपनीयता जानकारी पर उपयुक्त ढंग से लेबल लगाते हैं और उसे केवल उन लोगों को देते हैं जिन्हें उसे जानने की व्यावसायिक आवश्यकता होती है।
- हम कुछ निश्चित रिकार्ड्स को कायम रखने के बारे में विधिक विभाग से प्राप्त किसी भी निर्देश का पालन करते हुए, विधिक प्रतिधारण नोटिसों का अनुपालन करते हैं।

## विनियामकों और मीडिया के साथ जानकारी का आदान-प्रदान

हमारे लिए कंपनी के बारे में अपने सार्वजनिक वक्तव्यों के बारे में सावधान रहना आवश्यक है, क्योंकि ये Regal Rexnord की प्रतिष्ठा या व्यवसाय को प्रभावित कर सकते हैं।

मीडिया के लोग हमसे कई तरीकों से, जिनमें फोन, ईमेल, टेक्स्ट, या मुलाकात के अनुरोध शामिल हैं, संपर्क कर सकते हैं। हमसे सरकारी विनियामकों द्वारा भी संपर्क किया जा सकता है, या हमें उन्हें उत्तर देने के लिए कहा जा सकता है। संभव है कि इनमें से कुछ अनुरोध आपसे किए जाएँ। हमारे संचार को प्रबंधित करने के उद्देश्य से, Regal Rexnord ने मीडिया, विनियमनकर्ताओं, या जनता से बात करने के लिए केवल कुछ निश्चित लोगों को निर्दिष्ट किया है।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- यदि हम किसी सरकारी अधिकारी से जानकारी देने का अनुरोध प्राप्त करते हैं, तो हम Regal Rexnord के मुख्य वित्तीय अधिकारी या जनरल काउंसल (महाधिवक्ता) को सूचित करते हैं।
- हम Regal Rexnord के बारे में जनता — जिनमें मीडिया, निवेशक, या विनियामक शामिल हैं — से बात नहीं करते हैं, वह स्थिति अपवाद है जब हमें कंपनी के प्रवक्ता के रूप में मनोनीत किया गया हो।
- यदि मीडिया द्वारा हमसे किसी माध्यम से सम्पर्क किया जाता है, तो हम निवेशक सम्बंधों के उपाध्यक्ष, मुख्य वित्त अधिकारी, और जनरल काउंसल (महाधिवक्ता) को सूचित करते हैं।
- हमारे अधिकृत सार्वजनिक वक्तव्य सटीक, सही समय पर और हमारे व्यावसायिक सौदों के प्रति सम्मान दर्शाने वाले होते हैं।

## सोशल मीडिया

आज, विश्व सोशल मीडिया के जरिए संवाद/सूचना संप्रेषण करता है — निजी तौर पर और पेशेवर तरीके से। चूँकि ये साधन जानकारी को पल भर में विश्व स्तर पर फैला सकते हैं, इसलिए हमें सोशल मीडिया के अपने निजी उपयोग को भी प्रबंधित करना चाहिए और इस प्रकार के कार्य करने से बचना चाहिए जो Regal Rexnord को नुकसान पहुँचाएँ या उसे गलत ढंग से प्रस्तुत करें।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- अपने निजी जीवन में सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय, हम कभी स्वयं को Regal Rexnord के लिए बोलने वाले के रूप में प्रस्तुत नहीं करते।
- हम Regal Rexnord की ओर से तब तक पोस्ट नहीं करते जब तक हमें इसके लिए स्पष्ट रूप से अधिकृत नहीं किया गया हो।
- हम सोशल मीडिया की सार्वजनिक प्रकृति को जानते हैं, इसलिए हम सम्मानजनक तरीके से व्यवहार करते हैं, और ऐसी भाषा के प्रयोग से बचते हैं जिसे अनुपयुक्त, भेदभावपूर्ण, या अपमानजनक समझा जा सकता है।
- हम मानते हैं कि व्यापारिक गोपनीयताओं या अन्य गोपनीय जानकारी की रक्षा करना हमारा दायित्व है, और हम इस जानकारी को सोशल मीडिया पर कभी पोस्ट नहीं करते हैं।



### Regal Rexnord का तरीका

कैथरीन के पास साझा करने के लिए उत्साहजनक समाचार था: उसका प्रभाग एक नई व्यावसायिक श्रृंखला के रूप में विस्तारित हो रहा था और उसे विदेश में कार्य करने का प्रस्ताव दिया गया था। वह सोशल मीडिया पर अपने मित्रों और परिवार को यह बताने के लिए इंतज़ार नहीं कर पा रही थी।

उसके बाद कैथरीन ने इस पर विचार किया: संभव है कि विस्तार की खबर अब तक सार्वजनिक जानकारी न बनी हो? यह पहल होने में अभी कई महीने बाकी थे। इसलिए उसने यह जानने के लिए संचार कार्यालय को फोन किया कि वह किस चीज़ को साझा कर सकती थी।




# हम जब अपने समुदायों की देखभाल करते हैं तब सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) महत्त्वपूर्ण होती है।

## पर्यावरणगत स्थिरता

उत्तरदायी कार्पोरेट नागरिक होने के नाते, हम पर्यावरण-सुरक्षा के (क्षेत्र में) नेतृत्वकर्ता बनना चाहते हैं। हम इस तथ्य से प्रेरित होते हैं कि हम जिन उत्पादों को डिज़ाइन और उत्पादित करते हैं, वे ऊर्जा की माँग और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को घटा कर बेहतर कल बनाने में सहायता देते हैं। सावधानीपूर्वक प्रबंधन करके, हम अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य का सृजन कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अवसरों को संरक्षित कर सकते हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम अपने प्रचालन इस ढंग से करते हैं कि वे पर्यावरण पर हमारा प्रभाव न्यूनतम कर देते हैं और लागू होने वाले सभी पर्यावरणीय कानूनों का पालन करते हैं तथा अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।
- हम अपशिष्ट पदार्थों के सृजन को घटा कर और ऊर्जा एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग को कम करके संरक्षण को बढ़ावा देते हैं।
- हम ठोस अपशिष्ट पदार्थों को घटाते हैं, किसी भी खतरनाक अपशिष्ट पदार्थ का उचित ढंग से प्रबंधन करते हैं और ऐसी किसी भी सामग्री को रिसाइकल करते हैं, जिसे पुनर्सृजित किया जा सकता है।







आधुनिक दासता क्या है? लोगों को कार्य करने के लिए बाध्य करना, लोगों के इधर-उधर आने-जाने या कार्य छोड़ने के अधिकार को सीमित करना, और उन पर कार्य करने के लिए दबाव डालने के उद्देश्य से हिंसा या अन्य प्रकार की क्षति पहुँचाने की धमकी देना।

ये मानवाधिकारों का उल्लंघन है और हम इन्हें अपने व्यवसाय या आपूर्ति श्रृंखला में सहन नहीं करेंगे। हम उस आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार, या अन्य व्यावसायिक भागीदार के साथ कार्य नहीं करेंगे जो हमारे मानकों और लागू मानदंडों पर खरा नहीं उतरता।

अतिरिक्त उत्तरदायित्वों को जानने के लिए हमारी सामाजिक उत्तरदायित्व नीति को देखें।

## सामाजिक उत्तरदायित्व

हम अपने वैश्विक व्यवसाय में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सक्रिय ढंग से कार्य करते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि हमारी व्यावसायिक कार्यपद्धतियाँ लोगों के जीवन को प्रभावित करती हैं। हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व के मानदंडों में निष्पक्ष नियोजन कार्यपद्धतियाँ, श्रमिक अधिकार और मानवाधिकार, एवं बाल मजदूरी की रोकथाम शामिल है। ये और अन्य मानदंड ऐसी हर जगह पर लागू होते हैं, जहाँ हम व्यवसाय करते हैं, जिनमें सहायक कंपनियाँ, प्रभाग, संयुक्त उद्यम, और भागीदारियाँ शामिल हैं। स्थानीय तौर पर, हम जहाँ काम करते हैं तथा रहते हैं, वहाँ समुदायों में अपने कर्मचारियों की सक्रिय भूमिकाओं को प्रोत्साहित करते हैं तथा उसका जश्न मनाते हैं।

## उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है

- हम बच्चों को नियुक्त नहीं करते (16 वर्ष से कम आयु के)।
- यदि हम युवा कर्मियों (16 वर्ष से 18 वर्ष के) को नियुक्त करते हैं तो सुनिश्चित करते हैं कि वे केवल दिन के समय और स्कूल के घंटों के अतिरिक्त समय में कार्य करें। हम उनके कार्य के समय को और कुछ निश्चित प्रकार के कार्यों से उनके संपर्क को सीमित करते हैं।
- हम अपने व्यवसाय या आपूर्ति श्रृंखला में बाध्यकारी श्रम का उपयोग नहीं करते हैं। कर्मचारियों का समस्त कार्य स्वैच्छिक है, और कर्मी अपनी नौकरी/रोजगार को अपनी इच्छा के अनुसार समाप्त करने के लिए स्वतंत्र हैं।
- हम सुरक्षित और स्वास्थ्य-अनुकूल कार्यस्थल कायम रखते हैं।
- हम नियोजन संबंधी सभी कानूनों का सम्मान करते हैं और उन पर कायम रहते हैं।
- हम जिन स्थानों पर कार्य करते हैं, वहाँ प्रतिस्पर्धात्मक मजदूरी देते हैं।
- जब हमें किसी आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार, या अन्य व्यावसायिक भागीदार से संबंधित अनुचित व्यवहार या गतिविधि का ज्ञान होता है, तो हम कार्रवाई करते हैं।

# सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) को प्रतिदिन महत्त्वपूर्ण बनाना

सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) सही चीजों को, छोटे और बड़े, पैमाने पर करने के लिए निरंतर जारी रहने वाली प्रतिबद्धता है, और यह Regal Rexnord को कार्य करने की बेहतर जगह और सशक्त व्यवसाय बनाती है।

यह संहिता हम सबको यह समझने में सहायता देने का एक तरीका है कि सही चीज़ करने का अर्थ क्या होता है। हमारे पास अतिरिक्त नीतियाँ और नियम हैं एवं वे भी विधिसम्मत और नैतिक व्यवहार को प्रेरित करने में सहायता देते हैं। उनमें से कई अपने दायरे में समान विषयों को शामिल करते हैं और उन्हें हमारे मानदंडों को अधिक संपूर्णता से समझने के लिए देखा/संदर्भित किया जाना चाहिए।

जब हम सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) के बारे में खुल कर बोलते हैं और स्वयं को एवं अपने सहकर्मियों को उच्च नैतिक मानदंडों पर रखते हैं, तब हम अपना कार्य बेहतर ढंग से कर पाने में सक्षम होते हैं, अपने ग्राहकों की सेवा उनकी आशा के अनुरूप करते हैं, और अपने शेयरधारकों का भरोसा हासिल करते हैं।

इसीलिए सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) हम सबके लिए महत्त्वपूर्ण है।

# सत्यनिष्ठा लाइन

## सत्यनिष्ठा रिपोर्ट ऑनलाइन करें

(Convercent द्वारा प्रबंधित)

**www.regalrexnordintegrity.com**

## REGAL REXNORD सत्यनिष्ठा ईमेल से सम्पर्क करें

**integrity@regalrexnord.com**

## सत्यनिष्ठा रिपोर्ट फोन से करें

(Convercent द्वारा प्रबंधित)

| देश | सत्यनिष्ठा अलर्ट लाइन |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1-800-941-637 |
| बेल्जियम | 0-800-793-44 |
| ब्राज़ील | 0-800-591-7018 |
| कनाडा | 1-800-245-2146 |
| चीन | 400-120-4932 |
| कोलम्बिया | 01-800-710-2131 |
| फ्रांस | 0-805-089471 |
| जर्मनी | 0-800-180-0763 |
| हाँगकाँग | 800-906-138 |
| भारत | 000-800-100-4541 |
| इज़रायल | 1-809-429368 |
| इटली | 800-789-764 |
| मलेशिया | 1-800-817-738 |
| मेक्सिको | 800-681-5346 |

| देश | सत्यनिष्ठा अलर्ट लाइन |
|---|---|
| नीदरलैंड्स | 0-800-022-0944 |
| न्यूज़ीलैंड | 0-800-000132 |
| फिलीपीन्स | 63-28-8626-3049 |
| रोमानिया | 0-808-360-158 |
| रूस | 8-800-100-6318 |
| सिंगापुर | 800-852-3953 |
| स्लोवाकिया | 0-800-606-236 |
| दक्षिण अफ्रीका | 0-800-983-462 |
| स्पेन | 900-809735 |
| स्वीडन | 46 020-888-588 |
| थाईलैंड | 001-800-852-6327 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 8000-3204-53 |
| यूनाइटेड किंगडम | 0-808-189-1308 |
| यूनाइटेड स्टेट्स | 1-800-245-2146 |

किसी असम्भावित स्थिति में यदि आप किसी नंबर पर कॉल करने या किसी ऑपरेटर (प्रचालक) से बात करने में सक्षम नहीं होते हैं, तो आप रिपोर्ट को www.regalrexnordintegrity.com पर ऑनलाइन सबमिट (प्रस्तुत) कर सकते हैं

**Regal Rexnord Corporation**
200 State Street
Beloit, Wisconsin 53511

**RegalRexnord.com**